Raj Express (Indore), 25th July 2023, Page – 02

400 से अधिक स्टूडेंट ने लिए पीजी व पीएचडी में एडमिशन

आईआईटी इंदौर में स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर ने सोमवार को नए पीजी और पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। इस साल, शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के विभिन्न प्रोग्राम में लगभग 417 स्टूडेंट्स ने आईआईटी इंदौर में प्रवेश लिया, जिसमें पीएचडी के 130, एम.एससी. के 113, एम.टेक.के 135, एमएस (रिसर्च) के 39 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इस अवसर पर, संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने सभी नए स्टूडेंट्स को बधाई दी और कहा आईआईटी इंदौर में शिक्षा को सर्वांगीण रूप देने के लिए कई नए प्रोग्राम डिजाइन किए जा रहे हैं। साथ ही साथ नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं और शिक्षण व अध्ययन के नए तरीके की शुरुआत की जा रही है। इस साल, हम अपने मौजूदा 9 प्रोग्राम के अलावा 6 नए प्रोग्राम के साथ अपने एमटेक प्रोग्राम की संख्या में विस्तार कर रहे हैं। इनमें से 2 नए एमटेक प्रोग्राम विशेष रूप से ऑटोमोबाइल उद्योग और रक्षा संस्थान के कर्मियों के लिए डिजाइन किए गए हैं।

प्रगति व उन्नति के लिए स्वयं से प्रतिस्पर्धा

उन्होंने कहा, प्रत्येक स्टूडेंट में अनोखी प्रतिभा होती है और उन्हें ओर अधिक प्रगति व उन्नति के लिए स्वयं से प्रतिस्पर्धा करना चाहिए। साथ ही, उन्हें परिसर के अध्ययन के अनुकूल परिवेश का उपयोग करना चाहिए और ऐसी परियोजनाओं व शोध पर कार्य करना चाहिए जो सबसे अलग हों और निचले स्तर के लोगों की समस्याओं का तकनीकी समाधान प्रदान करते हों। प्रोफेसर जोशी ने सभी स्टूडेंट्स से उच्च कोटि के शोध और नवाचार में योगदान देने का संकल्प लेने का आग्रह किया जो कि समाज में किसी न किसी व्यक्ति के लिए सार्थक हो। इसके अलावा, उन्होंने आईआईटी इंदौर के पूरे परिवार को एक साथ मिलकर इस तरह काम करने की सलाह दी, जो कि सभी लोगों के लिए हितकर हो।

प्रमुखों ने किया संबोधित

ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान स्टूडेंट्स को शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विकास, छात्र कार्य, प्रशिक्षण एवं नियोजन, नवाचार एवं ऊष्मायन, अंतर्राष्ट्रीय आउटरीच, रक्षा एवं सुरक्षा, छात्रावास एवं चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अनुभाग के संबंधित प्रमुखों ने भी संबोधित किया।